प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.10.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 127वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार और अनुभव करेंगे साझा।**
2. **घाटशिला उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दामपाड़ा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, राज्य सरकार पर दुष्प्रचार का आरोप।**
3. **नहाय–खाय के बाद छठव्रती खरना की तैयारी में जुटी, घाटों को दिया जा रहा अंतिम रूप, बाजारों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।**
4. **रांची में दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार, चोरी की पन्द्रह मोटरसाइकिलें बरामद। और**
5. **हीरो हॉकी इंडिया महिला लीग 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में, सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारतीय एथलीटों ने जीते आठ पदक।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने आज पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर वर्चुअल बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतदान और मतगणना की तैयारी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में दामपाड़ा हाट मैदान में बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर आदिवासियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

****

चार दिवसीय छठ महापर्व के सिलसिले में नहाय खाय के बाद छठव्रती खरना की तैयारी में जुट गई हैं। खरना का अनुष्ठान संपन्न करने के बाद छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरु हो जायेगा। हजारीबाग जिले के ग्रामीण इलाकों में छठव्रती परंपरा के अनुसार खरना के अनुष्ठान के लिए धान सिरकने का काम करती हैं। इसी धान से चावल निकालकर खरना का प्रसाद तैयार किया जाता है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर के छठ घाटों की साफ सफाई और रंग रोगन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। घाटों पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रांची नगर निगम ने जलाशयों में अत्यधिक पानी होने के कारण बैरिकेडिंग करायी है। बाजार में छठ सामग्रियों की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। छठ महापर्व को देखते हुए सोमवार और मंगलवार को राजधानी की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

हजारीबाग में विधायक प्रदीप प्रसाद ने छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये।

उपराजधानी दुमका और देवघर में उपायुक्त ने भी विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिये।

****

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, देश भर में त्यौहार मनाने वालों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। त्यौहार के सीजन के बाद अपने कार्यस्थलों पर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 6 हजार 181 विशेष रेलगाडियां चलाई जाएँगी।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से हरियाणा की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

****

रांची पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह के पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर चोरी की पन्द्रह मोटरसाइकिलें बरामद की है।

****

रामगढ़ जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2024–25 में छह हजार छह सौ बाइस आवास बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से एक सौ छियासी का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

****

हीरो हॉकी इंडिया महिला लीग 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में, जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित होगी। राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज लीग की नई टीम रांची रॉयल के लोगो का अनावरण किया और फिक्सचर जारी किया। मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह भी मौजूद रहे।

****

रांची में चल रहे सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अब तक भारतीय एथलीटों ने चार स्वर्ण सहित आठ पदकों पर कब्जा जमा लिया है। पुरूष वर्ग के एक सौ दस मीटर की बाधा दौड़ में भारत के मनन आर0 ने स्वर्ण, जबकि ऋषिक एम ने रजत पदक हासिल किया। वहीं महिला वर्ग की इसी प्रतियोगिता में ननधिनी के0 ने स्वर्ण, जबकि मौमिता मंडल ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग के डिस्कस थ्रो में भारत की सीमा ने स्वर्ण, जबकि निधि ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं पुरूष वर्ग के 15 सौ मीटर दौड़ में एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया।

****

दक्षिणी बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र की वजह से राज्य में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलता दिख रहा है। आगामी 31 अक्टूबर तक राज्य के कई इलाकों में बारिश के आसार हैं।

*******समाप्त********